# State Eligibility Test – 2017

# Hindi

# (Final Answer Key)

# Part-A

| | |
|---|---|
| Q.No: 1 | दक्खिनी हिन्दी का दूसरा नाम क्या है ? |
| A | **बंगारू** |
| B | **पैशाची** |
| **C** | **हिन्दवी** |
| D | **दखनवी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 2 | काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब हुई |
| A | **1993** |
| **B** | **1893** |
| C | **1918** |
| D | **1936** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 3 | 'हिन्दी भाषा का इतिहास' ग्रन्थ के लेखक कौन हैं |
| **A** | **धीरेन्द्र वर्मा** |
| B | **श्याम सुन्दरदास** |
| C | **डॉ. नगेन्द्र** |
| D | **रामविलास शर्मा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 4 | इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी इतिहास ग्रन्थ के लेखक हैं |
| A | **गिल क्राईस्ट** |
| B | **फॉदर कामिल बुल्के** |
| C | **जॉर्ज ग्रियर्सन** |
| **D** | **गार्सा द तॉसी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 5 | सूफी कवि मुल्ला दाऊद की रचना का नाम है |
| **A** | **चंदायन** |
| B | **मधुमालती** |
| C | **मृगावती** |
| D | **पद्मावत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 6 | अब कैसे छुटे राम नाम रट लागी...... पद के रचयिता है |
| A | **नानक** |
| **B** | **रैदास** |
| C | **कबीर** |
| D | **मीरा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 7 | देवकीनन्दन खत्री कृत 'चन्द्रकान्ता सन्तति' भाग-1 से 24 का प्रकाशन वर्ष कौन सा हैं |
| A | **1882** |
| **B** | **1896** |
| C | **1895** |
| D | **1899** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 8 | 'अकुलवीर तन्त्र' ग्रन्थ के रचयिता नाम है..... |
| A | **गोरखनाथ** |
| B | **अप्पय दीक्षित** |
| **C** | **मत्स्येन्द्र नाथ** |
| D | **आदिनाथ** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 9 | पैशाची अपभ्रंश से कौन सी आधुनिक भाषा निष्पन्न हुई |
| **A** | **लहँदा** |
| B | **मराठी** |
| C | **सिन्धी** |
| D | **राजस्थानी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 10 | उर्दू शब्द मूलत: किस भाषा का है |
| A | **फारसी** |
| **B** | **तुर्की** |
| C | **अरबी** |
| D | **पश्तो** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 11 | 'श्रावकाचार' के रचयिता हैं |
| A | **वररूचि** |
| B | **हेमचंद्र** |
| C | **सोमप्रभ सूरि** |
| **D** | **देवसेन** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 12 | 'रणमल्ल छंद' के रचयिता हैं |
| A | **भट्ट केदार** |
| B | **नरपति नाल्ह** |
| **C** | **श्रीधर** |
| D | **रोडा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 13 | हिन्दी के आरम्भिक रूप को ही 'अवहट्ठ' किस ने कहा है |
| **A** | **डॉ. भोला शंकर व्यास** |
| B | **राहुल सांकृत्यायन** |
| C | **चन्द्रधर शर्मा** |
| D | **नगेन्द्र** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 14 | आदिकाल को 'चारण काल' एवं 'संधिकाल' किस ने कहा हैं |
| A | **आ.रामचन्द्र शुक्ल** |
| B | **नगेन्द्र** |
| C | **राहुल सांकृत्यायन** |

| | |
|---|---|
| **D** | **डॉ. राम कुमार वर्मा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 15 | पुष्पदंत ने तिरसठ महापुरूषों की जीवन घटनाओं का वर्णन किस ग्रन्थ में किया है |
| A | **जय कुमार चरिउ** |
| **B** | **महापुराण** |
| C | **जसहर चरिऊ** |
| D | **जिन भक्ति** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 16 | सिद्ध साहित्य सर्जक 'सरहपा' के प्रसिद्ध ग्रन्थ का नाम क्या है |
| A | **योगचर्या** |
| B | **चर्यापद** |
| C | **डोम्बि त्रीतिका** |
| **D** | **दोहा कोश** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 17 | 'मन मेरी सुई,तन मेरा धागा,खेचर जी के चरण पर नामा सिंपी लागा' पंक्ति किस की है |
| A | **ज्ञानदेव** |
| B | **तुकाराम** |
| **C** | **नामदेव** |
| D | **नानक** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 18 | 'सखी संप्रदाय' का प्रवर्तन किसने किया |
| **A** | **स्वामी हरिदास** |
| B | **नागरी दास** |
| C | **सरस दास** |
| D | **भगवत रसिक** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 19 | दादूदयाल का जन्म कहॉ हुआ था |
| A | **अमृतसर** |
| **B** | **अहमदाबाद** |

| | |
|---|---|
| C | **अहमदनगर** |
| D | **औरंगाबाद** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 20 | ''जा थल कीन्हे विहार अनेकन ता थल कांकरि बैठि चुन्यौ करैं।<br>ज रसना सौं करी बहुबात सु ता रसना सौं चरित्र गुन्यौ करैं।'' उक्त पंक्तियों के रचयिता हैं |
| A | **घनानंद** |
| B | **ठाकुर** |
| **C** | **आलम** |
| D | **बोधा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 21 | प्रेमाख्यान परंपरा के सर्जक कुतुबन की प्रसिद्ध रचना कौन सी है |
| A | **हंसावली** |
| B | **चन्द्रायन** |
| C | **माधवानल काम कन्दला** |
| **D** | **मृगावती** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 22 | इनमें से कौन सी रचना गोस्वामी तुलसीदास की नहीं हैं। |
| A | **दोहावली** |
| **B** | **रामभजन मंजरी** |
| C | **विनय पत्रिका** |
| D | **रामाज्ञा प्रश्नावली** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 23 | ''भा अवतार मोर नौ सदी। तीस बरस ऊपर कवि बदी॥'' किसकी पंक्ति है |
| A | **कबीरदास** |
| B | **उसमान** |
| **C** | **जायसी** |
| D | **कुतुबन** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 24 | कबीर को भाषा का डिक्टेटर किसने कहा ? |

| | |
|---|---|
| A | **आ. रामचन्द्र शुक्ल** |
| B | **नगेन्द्र** |
| C | **जयशंकर प्रसाद** |
| **D** | **आ.हजारी प्रसाद द्विवेदी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 25 | 'राधावल्लभी संप्रदाय' के प्रवर्तक माने जाते हैं |
| **A** | **गोसाईं हितहरिवंश** |
| B | **गोविंद स्वामी** |
| C | **दामोदर दास** |
| D | **चतुर्भुज दास** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 26 | स्वामी रामानन्द का प्रसिद्ध ग्रन्थ है - |
| A | **रामाज्ञा प्रश्नावली** |
| **B** | **वैष्णव मताब्द भास्कर** |
| C | **राम भजन मंजरी** |
| D | **भक्तमाल** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 27 | 'निस्सहाय हिंदू' उपन्यास की रचना किसने की |
| A | **बालकृष्ण भट्ट** |
| B | **लज्जाराम शर्मा** |
| **C** | **राधाकृष्ण दास** |
| D | **ठाकुर जगमोहन सिंह** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 28 | किशोरी लाल गोस्वामी की 'इन्दुमती' कहानी किस नाटक के आधार पर लिखी गयी ? |
| A | **हेमलेट** |
| B | **रोमियो एंड जुलियट** |
| C | **मरचेंट ऑफ वेनिस** |
| **D** | **टेम्पेस्ट** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 29 | 'यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी ' यह कथन किसका है |
| **A** | **रामचंद्र शुक्ल** |
| B | **बालमुकुंद गुप्त** |
| C | **महावीरप्रसाद द्विवेदी** |
| D | **माधवप्रसाद मिश्र** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 30 | 'कवि वचन सुधा' का प्रकाशन किस नगर से होता था ? |
| A | **प्रयाग** |
| B | **आगरा** |
| **C** | **काशी** |
| D | **पटना** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 31 | 'चाबुक'-किसका निबन्ध संग्रह है |
| A | **पन्त** |
| B | **महादेवी वर्मा** |
| **C** | **निराला** |
| D | **श्री राम शर्मा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 32 | 'सचतेन कहानी आन्दोलन' के प्रणेता कौन थे ? |
| A | **कमलेश्वर** |
| **B** | **महीप सिंह** |
| C | **मोहन राकेश** |
| D | **हिमांशु जोशी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 33 | 'चीन में तेरह मास' किसका यात्रा वृत्त है ? |
| A | **देवीप्रसाद खत्री** |
| B | **गोपालराम गहमरी** |
| **C** | **गदाधर सिंह** |
| D | **सत्यदेव परिव्राजक** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 34 | रांगेय राघव कृत ऐतिहासिक उपन्यास कौन-सा है |
| A | **गढ़ कुण्डार** |
| B | **वैशाली की नगर वधू** |
| C | **पुनर्नवा** |
| **D** | **चीवर** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 35 | आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास हैं........... |
| A | **चन्द्रकान्ता** |
| B | **भाग्यवती** |
| **C** | **परीक्षा गुरू** |
| D | **पूर्णप्रकाश और चन्द्रप्रभा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 36 | यशपाल कृत वृहदाकार उपन्यास कौन-सा है ? |
| A | **देशद्रोही** |
| **B** | **झूठा-सच** |
| C | **मनुष्य के रूप** |
| D | **दादा कामरेड** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 37 | 'जय यौधेय' किसकी औपन्यासिक कृति है |
| A | **चतुरसेन शास्त्री** |
| B | **उदयशंकर भट्ट** |
| **C** | **राहुल सांकृत्यायन** |
| D | **भैरव प्रसाद गुप्त** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 38 | रस के आलोचक आचार्य भट्टनायक ने कौन-सा सिद्धांत दिया |
| **A** | **भुक्तिवाद** |
| B | **उत्पतिवाद** |
| C | **अनुमितिवाद** |

| | |
|---|---|
| D | **अभिव्यक्तिवाद** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 39 | निश्चित कोषीय अर्थ प्रकट करने वाली शब्द शक्ति को क्या कहते है ? |
| A | **रूढ़ि लक्षणा** |
| **B** | **अभिधा** |
| C | **व्यंजना** |
| D | **लक्षणा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 40 | कनक-कनक तें सौगुनी,मादकता अधिकाय।<br><br>या खाये बौराय नर, वा पाये बौराय ॥ में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ? |
| A | **रूपक** |
| B | **उपमा** |
| **C** | **यमक** |
| D | **वक्रोक्ति** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 41 | 'अप्पय दीक्षित' किस काव्य संप्रदाय के आचार्य हुए ? |
| **A** | **अलंकार** |
| B | **रस** |
| C | **रीति** |
| D | **औचित्य** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 42 | रसवादी आचार्य नहीं हैं |
| A | **अभिनव गुप्त** |
| **B** | **रूद्रट** |
| C | **लोल्लट** |
| D | **विश्वनाथ** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 43 | निम्नांकित में से ध्वनिवादी आचार्य कौन हैं |
| A | **भट्ट नायक** |

| | |
|---|---|
| B | **क्षेमेन्द्र** |
| C | **धनंजय** |
| **D** | **आनंदवर्धन** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 44 | निम्नलिखित में से कौन-सी कृति नन्ददुलारे वाजपेयी की नहीं है |
| A | **आधुनिक साहित्य** |
| B | **नया साहित्य:नये प्रश्न** |
| **C** | **साहित्य का सौंदर्य शास्त्र** |
| D | **प्रकीर्णिका** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 45 | इतिहास एवं पुराणों को समसामायिक सन्दर्भ में कल्पना के साथ प्रस्तुत करने का उपक्रम क्या कहलाता हैं ? |
| A | **प्रतीक** |
| **B** | **मिथक** |
| C | **बिम्ब** |
| D | **कल्पना** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 46 | 'रस-सिद्धांत' में रस की सांगोपांग विवेचना करने वाले रसवादी आलोचक कौन हैं ? |
| A | **राम चन्द्र शुक्ल** |
| B | **राम विलास शर्मा** |
| **C** | **नगेन्द्र** |
| D | **अज्ञेय** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 47 | 'लिरिकल बैलेड्स' से पाश्चात्य काव्य में किस वाद का प्रवर्तन माना गया है ? |
| **A** | **स्वचछंदतावाद** |
| B | **आभिजात्यवाद** |
| C | **यथार्थवाद** |
| D | **संरचनावाद** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 48 | आधुनिक हिन्दी आलोचना के बीज शब्द के रचनाकार कौन है |

| | |
|---|---|
| A | **नामवर सिंह** |
| B | **पद्मसिंह शर्मा** |
| C | **भारतेन्दु** |
| **D** | **बच्चन सिंह** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 49 | नाटयशास्त्रकार द्वारा अमान्य रस कौन-सा हैं ? |
| **A** | **शान्त रस** |
| B | **करूणरस** |
| C | **वीभत्स रस** |
| D | **अद्भुत रस** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 50 | जहां कारण के बिना कार्य संपन्न हो वहां कौन सा अलंकार होता है |
| A | **प्रतीप** |
| B | **असंगति** |
| **C** | **विभावना** |
| D | **विरोधाभास** |
| | |

# Part-B

| | |
|---|---|
| Q.No: 1 | सिद्धों की विशिष्ट काव्य भाषा का नाम हैं----- |
| A | **सिद्ध भाषा** |
| B | **सिद्धि भाषा** |
| **C** | **संध्या भाषा** |
| D | **अपभ्रंश भाषा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 2 | 'पउमचरिउ' की रचना किसने की |
| A | **मुनि रामसिंह** |
| **B** | **स्वयंभू** |
| C | **चतुर्मुख** |
| D | **मुनि जिनविजय** |
| | |

| Q.No: 3 | 'सिद्ध हेमचंद्र शब्दानुशासन ' के रचयिता कौन हैं ? |
|---|---|
| A | **सिद्धराज जयसिंह** |
| B | **सोमप्रभ सूरि** |
| **C** | **हेमचंद्राचार्य सूरि** |
| D | **मेरूतुंग** |
| | |

| Q.No: 4 | इनमें से कौन सी केशव की प्रबंध रचना नहीं है । |
|---|---|
| A | **विज्ञानगीता** |
| B | **रतनबावनी** |
| **C** | **कविप्रिया** |
| D | **जहाँगीर जसचंद्रिका** |
| | |

| Q.No: 5 | 'आगम वेअ पुराणे ण् पण्डित मना बहंति ।' |
|---|---|
| A | **लुइपा** |
| B | **शबरपा** |
| **C** | **कण्हपा** |
| D | **कुक्कुरिपा** |
| | |

| Q.No: 6 | वीररस के श्रेष्ठ कवि को 'भूषण' की उपाधि किस ने दी ? |
|---|---|
| A | **शिवाजी महाराज** |
| B | **छत्रसाल** |
| C | **औरंगज़ेब** |
| **D** | **सोलंकी राजा रूद्र** |
| | |

| Q.No: 7 | 'परकाजहिं देह को धारे फिरैं परजन्य जथारथ हवै दरसौं ।' पंक्ति के रचानाकार हैं |
|---|---|
| A | **आलम** |
| B | **ठाकुर** |
| C | **बोधा** |

| | |
|---|---|
| **D** | **घनानंद** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 8 | ''स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह छायावाद है । '' यह परिभाषा किसने दी ? |
| A | **डॉ. नामवरसिंह** |
| B | **डॉ. रामविलास शर्मा** |
| **C** | **डॉ. नगेन्द्र** |
| D | **डॉ. श्यामसुंदर दास** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 9 | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचनाओं को प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार लिखिए । |
| A | **अनामिका, परिमल , तुलसीदास , गीतिका** |
| **B** | **अनामिका , परिमल , गीतिका, तुलसीदास** |
| C | **तुलसीदास, गीतिका, परिमल, अनामिका** |
| D | **परिमल , अनामिका , गीतिका , तुलसीदास** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 10 | सबका निचोड़ लेकर तुम<br>सुख से सूखे जीवन में<br>बरसो प्रभात हिमकन-सा<br>आंसू इस विश्व-सदन में --- यह छंद किस छायावादी कवि का है ? |
| **A** | **जयशंकर प्रसाद** |
| B | **पंत** |
| C | **निराला** |
| D | **महादेवी वर्मा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 11 | निम्नांकित में से कौन-सी रचना सुमित्रानंदन पंत की नहीं है ? |
| A | **वीणा** |
| B | **पल्लव** |
| C | **उच्छवास** |
| **D** | **रश्मि** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 12 | 'विशाल भारत ' में प्रकाशित 'भारत में प्रगतिशील साहित्य की आवश्यकता ' लेख के लेखक थे । |

| | |
|---|---|
| **A** | **शिवदान सिंह चौहान** |
| B | **रामविलास शर्मा** |
| C | **नामवर सिंह** |
| D | **सज्जाद ज़हीर** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 13 | कर पता यदि मुक्त हृदय को मस्तक के शासन से<br>उत्तर पकड़ता बांह दलित की मंत्री के आसन से<br>स्यात् सुयोधन भीत उठाता पग कुछ और संभल के<br>भरत भूमि पड़ती न स्यात् संगर में आगे चल के। --- यह किस कवि की काव्य पंक्तियाँ हैं? |
| A | **निराला** |
| B | **महादेवी वर्मा** |
| **C** | **रामधारी सिंह 'दिनकर'** |
| D | **सुमित्रानंदन पंत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 14 | निम्नलिखित में से कौन-सी रचना नागार्जुन की नहीं है ? |
| A | **युगधारा** |
| B | **रत्नगर्भा** |
| C | **भस्मांकुर** |
| **D** | **यामा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 15 | और सरसों की न पूछो<br>हो गई सबसे सयानी<br>हाथ पीले कर लिये हैं<br>ब्याह मंडप में पधारी<br>फाग गाता मास फागुन<br>आ गया है आज जैसे<br>देखता हूँ मैं स्वयंवर हो रहा है........। किस कवि का प्रकृति-चित्रण निरूपित है। |
| A | **पंत** |
| B | **नलिन विलाचन शर्मा** |
| **C** | **केदारनाथ अग्रवाल** |
| D | **नागार्जुन** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 16 | 'कवि ने गीत लिखे नये-नये बार-बार |

| | |
|---|---|
| | पर उसी एक विषय को देता रहा विस्तार<br>जिसे कभी पूरा पकड़ पाया नहीं -<br>जो कभी किसी गीत में समाया नहीं<br>किसी एक गीत में वह अंट गया दिखता<br>तो कवि दूसरा गीत ही क्यों लिखता ? काव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं । |
| A | **भवानीप्रसाद मिश्र** |
| B | **त्रिलोचन** |
| **C** | **अज्ञेय** |
| D | **मुक्तिबोध** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 17 | ग.मा. मुक्तिबोध रचित - 'एक साहित्यिक की डायरी ' किस प्रकार का ग्रंथ है ? |
| A | **काव्य-संग्रह** |
| B | **कहानी-संग्रह** |
| C | **उपन्यास** |
| **D** | **साहित्यालोचना** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 18 | 'कठोपनिषद ' के 'यम - नचिकेता प्रसंग ' पर चिंतनपरक प्रबंध रचना किसने की ? |
| A | **अज्ञेय** |
| **B** | **कुंवरनारायण** |
| C | **धर्मवीर भारती** |
| D | **रघवीर सहाय** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 19 | छोटी-छोटी कहानियों को बांगला भाषा में क्या कहते हैं ? |
| A | **आख्ययिका** |
| B | **कथा** |
| **C** | **गल्प** |
| D | **लघुकथा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 20 | प्रतापनारायण मिश्र द्वारा बांगला भाषा से अनुदित उपन्यास का शीर्षक है । |
| **A** | **युगलांगुरीय** |
| B | **बंग विजेता** |

| | |
|---|---|
| C | **मृण्मयी** |
| D | **दीप निर्वाण** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 21 | सुमेलित कीजिए : - अपभ्रंश के विभिन्न क्षेत्रीय रूपों से विकसित भाषाएँ ।<br>सूची । सूची – ।।<br>क. शौरसेनी 1 लहंदा पंजाबी<br>ख. ब्राचड 2 बिहारी ,बंगला ,उड़िया<br>ग. मागधी 3 सिंधी<br>घ पैशाची 4 राजस्थानी , गुजराती<br>5 मराठी |
| A | **क-1 , ख - 5,ग- 3, घ-4** |
| B | **क-5 , ख - 2, ग- 4, घ-3** |
| C | **क-1 , ख - 4,ग- 5, घ-2** |
| **D** | **क-4, ख -3, ग-2, घ-1** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 22 | इतिहासकार को इतिहासग्रंथ के साथ सुमेलित कीजिए ।<br>सूची – । सूची– ।।<br>क. जॉर्ज ग्रियर्सन 1 शिवसिंह सरोज<br>ख. आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी 2 हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास<br>ग. डॉ. रामकुमार वर्मा 3 हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास<br>घ. डॉ. गणपतिचंद्र गुप्त 4 द मॉडर्न वर्नेक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान<br>5 हिन्दी साहित्य की भूमिका<br>कूट : |
| **A** | **क-4, ख -5, ग-2, घ-3** |
| B | **क-1, ख -2, ग-3, घ-4** |
| C | **क-3, ख -4, ग-2, घ-1** |

| | |
|---|---|
| D | **क-2, ख -3, ग-5, घ-2** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 23 | आदिकालीन प्रमुख ग्रंथों को रचयिता के नाम के साथ सुमेलित कीजिए ।<br>सूची – । सूची – ।।<br>क. संदेश शासक 1. मुनि रामसिंह<br>ख. पऊम चरिऊ 2. नरपति नाल्ह<br>ग. पाहुड़ दोहा 3. दलपति विजय<br>घ. बीसलदेव रासो 4. स्वयंभू<br>5. अब्दुल रहमान<br>कूट : |
| A | **क-3, ख -1, ग-2, घ-3** |
| B | **क-2, ख -3, ग-4, घ-5** |
| **C** | **क-5, ख -4, ग-1, घ-2** |
| D | **क-1, ख -2, ग-3, घ-4** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 24 | रचनाओं के रचनाकार के साथ सुमेलित कीजिए ।<br>सूची – । सूची– ।।<br>क. कुमारपालप्रतिबोध 1. आसगु<br>ख. जयचंद प्रकाश 2. जिनदत्त सूरि<br>ग. चंदनबाला रास 3. मधुकर कवि<br>घ. उपदेश रसायन रास 4. भट्ट केदार<br>5. सोमप्रभ सूरि<br>कूट : |
| A | **क-4, ख -3, ग-4, घ-3** |
| B | **क-2, ख -4, ग-5, घ-1** |

| | |
|---|---|
| **C** | **क-5, ख -4, ग-1, घ-2** |
| D | **क-3, ख -2, ग-1, घ-5** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 25 | **स्थापना ए** - केवल अतीत ही वर्तमान को प्रभावित नहीं करता - वर्तमान भी अतीत को प्रभावित करता है ।<br>**तर्क आर -** विकासशील साहित्य - चेतना के आलोक में , सम्मूर्ण परिदृश्य का पुनरावलोकन सर्वथा अनिवार्य आवश्यक नहीं । |
| A | **ए गलत है आर सही** |
| **B** | **ए सही और आर गलत** |
| C | **ए सही और आर सही** |
| D | **ए गलत और आर गलत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 26 | **स्थापना ए -** प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चितवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है ।<br>**तर्क आर -** जनता की चित्तवृत्ति में निरंतर परिवर्तन होता रहता हैं , वह कभी साहित्य में प्रतिबिम्बिस नहीं होता |
| A | **ए सही और आर सही** |
| B | **ए गलत और आर सही** |
| **C** | **ए सही और आर गलत** |
| D | **ए गलत और आर गलत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 27 | **स्थापना ए -** सीमित विषय वस्तु के कारण कवियों की दृष्टि शिल्प विधान की ओर गई । उन्होंने भाषा को माँजा , उसे संगीत की माधुरी , चित्र की रंगीनी और काव्यात्मक बिंब से अलंकृत किया ।<br>**तर्क आर -** लक्षणों के घेरे मे लक्ष्य को बाँधने के प्रयासों के कारण कवि व्यापक जीवन अनुभवों के स्थान पर संकुचित भावभूमि पर कविता करता रहा । |
| **A** | **ए सही और आर सही** |
| B | **ए सही और आर गलत** |
| C | **ए गलत और आर गलत** |
| D | **ए गलत और आर सही** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 28 | **स्थापना ए -** गोस्वामी तुलसीदास जी की भक्ति - भावना लोकमंगल की कामना से अभिप्रेरित है ।<br>**तर्क आर -** गोस्वामी तुलसीदास जी ने मार्यादा पुरूषोत्तम राम के शील, शक्ति और सौंदर्य से संवलित अद्भुत रूप का गुण-ज्ञान करते हुए लोक मंगल की साधनावस्था के पंथ को प्रशस्त किया । |
| A | **ए गलत और आर सही** |
| **B** | **ए सही और आर सही** |
| C | **ए सही और आर गलत** |

| | |
|---|---|
| D | **ए गलत और आर गलत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 29 | 'गोदान' के प्रखुख ग्रामीण एवं नगरीय पात्रों के नाम क्या हैं ? |
| A | **भुवन –रेखा** |
| B | **शेखर -शशि** |
| **C** | **होरी -मि.तंखा** |
| D | **जालपा-दीनानाथ** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 30 | 'चौगाने हस्ती 'शीर्षक से उर्दू में लिखे प्रेमचंद के उपन्यास का हिन्दी में प्रकाशन किस शीर्षक से हुआ ? |
| A | **सेवा सदन** |
| B | **कायाकल्प** |
| C | **प्रेमाश्रम** |
| **D** | **रंगभूमि** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 31 | 'शेखर प्रत्येक व्यक्ति और बँधी हुई प्रणाली के विरूद्ध विद्रोह करता है 'यह कथन किस आलोचक का है ? |
| **A** | **बच्चन सिंह** |
| B | **विश्वनाथ त्रिपाठी** |
| C | **हृदयेश** |
| D | **चंद्रकांत बांदिवड़ेकर** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 32 | डॉ. प्रशांत किस रोग के उन्मूलन के लिए मेरीगंज आता है ? |
| A | **प्लेग** |
| B | **मधुमेह** |
| **C** | **मलेरिया** |
| D | **टीबी (यक्ष्मा)** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 33 | निम्नलिखित यथार्थवाद के विभिन्न रूप एवं उसके प्रवर्तक को सुमेलित कीजिए । |

| | |
|---|---|
| | सूची – I      सूची– II<br>क. मार्क्सवादी यथार्थवादी      1. फ्लॉवर्ट<br>ख. फ्रायडियन यथार्थवादी      2. डेकॉर्ट एवं लॉक<br>ग. कुत्सित यथार्थवादी      3. कार्ल मार्क्स<br>घ. दार्शनिक यथार्थवादी      4. डी.एच.लोरेन्स<br>5. सिगमंड फ्रॉयड |
| A | **क-3, ख -2, ग-4, घ-5** |
| B | **क-4, ख -3, ग-5, घ-2** |
| C | **क-5, ख -4, ग-3, घ-1** |
| **D** | **क-3, ख -5, ग-1, घ-2** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 34 | कथाकारों को उनके कहानी संग्रह के साथ सुमेलित कीजिए ।<br>सूची– I      सूची– II<br>कथाकार      कहानी संग्रह<br>क. मुंशी प्रेमचंद      1. एक समानान्तर दुनिया<br>ख. जयशंकर प्रसाद      2. देवा की माँ , माँस का दरिया<br>ग. कमलेश्वर      3. मानसरोवर भाग–1 से 8<br>घ. राजेन्द्र यादव      4. आर पार की माला , मुर्दासराय<br>5. प्रतिध्वनि , इन्द्रजाल |
| A | **क-4, ख -2, ग-1, घ-3** |
| **B** | **क-3, ख -5, ग-2, घ-1** |
| C | **क-2, ख -4, ग-3, घ-5** |
| D | **क-1, ख -3, ग-4, घ-2** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 35 | इनमें से कौन-सा नाटक भारतेन्दु का नहीं है ? |
| A | **सत्य हरिशचंद्र** |
| B | **सती प्रताप** |
| **C** | **करूणा भरण** |

| | |
|---|---|
| D | **प्रेम जोगिनी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 36 | जयशंकर प्रसाद के नाटकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम कौन सा है ? |
| **A** | **विशाख, अजातशत्रु, जनमेजय का नागयज्ञ, कामना, स्कन्दगुप्त** |
| B | **स्कन्दगुप्त, जनमेजय का नागयज्ञ, कामना , विशाख, अजातशत्रु,** |
| C | **कामना , अजातशत्रु, विशाख, स्कन्दगुप्त ,जनमेजय का नागयज्ञ** |
| D | **जनमेजय का नागयज्ञ ,स्कन्दगुप्त ,विशाख, कामना, अजातशत्रु** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 37 | मोहन राकेश कृत 'आधे-अधूरे ' नाटक का प्रकाशन वर्ष कौन-सा है ? |
| A | **इ. सन् 1958** |
| B | **इ. सन् 1963** |
| **C** | **इ. सन् 1969** |
| D | **इ. सन् 1968** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 38 | 'देवताओं से हमारी बातचीत ' किसके निबंध का शीर्षक है ? |
| A | **भारतेंदु हरिश्चंद्र** |
| B | **प्रतापनारायण मिश्र** |
| **C** | **बालकृष्ण भट्ट** |
| D | **राधाचरण गोस्वामी** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 39 | हिन्दी के प्रसिध्द निबंधकारों को उनके निबंधों के साथ सुमेलित कीजिए ।<br>सूचि – ।   सूची – ।।<br>निबंधकार   निबंध<br>क. बालकृष्ण भट्ट   1. विचार और वितर्क , कल्पलता , कुटज<br>ख. आचार्य रामचंद्र शुक्ल   2. अर्धनारीश्वर , मिट्टी की ओर , रेती के फूल<br>ग. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी   3. बाल–विवाह , राजा और प्रजा , अंग्रेजी शिक्षा और प्रकाश<br>घ. स. ही. वात्स्यायन 'अज्ञेय'   4. चिन्तामणि भाग–1 , चिन्तामणि भाग–2<br>5. त्रिशंकु, आत्मनेपद , हिन्दी साहित्य : अधुनिक परिदृश्य<br>कूट |
| A | **क-5, ख -1, ग-2, घ-4** |
| B | **क-1, ख -2, ग-4, घ-3** |

| | |
|---|---|
| C | **क-1, ख -3, ग-4, घ-2** |
| **D** | **क-3, ख -4, ग-1, घ-5** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 40 | विद्यानिवास मिश्र के निबन्धों का प्रकाशन वर्ष अनुसार सही क्रम कौन -सा है । |
| A | **आंगन का पँछी बंजारा मन, मैंने सिल पहुँचायी, छितवन की छांह, तुम चंदन हम पानी** |
| B | **तुम चंदन हम पानी ,छितवन की छांह, मैंने सिल पहुँचायी, आंगन का पँछी बंजारा मन** |
| **C** | **छितवन की छांह, तुम चंदन हम पानी ,आंगन का पँछी बंजारा मन, मैंने सिल पहुँचायी,** |
| D | **मैंने सिल पहुँचायी,आंगन का पँछी बंजारा मन, तुम चंदन हम पानी ,छितवन की छांह,** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 41 | इनमें से कौन-सा निबंध -संग्रह कुबेरनाथ राय का नहीं है ? |
| A | **प्रिया नीलकंठी** |
| B | **रस आखेटक** |
| C | **गन्ध मादन** |
| **D** | **शिखरों के सेतु** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 42 | आलोचक एवं आलोचनात्मक ग्रंथों को सुमेलित कीजिए ।<br>सूची– ।     सूची– ।।<br>आलोचक     आलोचना–ग्रन्थ<br>क आचार्य रामचंद्र शुक्ल     1 कविता के नये प्रतिमान , दूसरी परंपरा की खोज<br>ख नन्ददुलारे वाजपेयी     2 हमारे साहित्य निर्माता, कवि और काव्य<br>ग रामविलास शर्मा     3 काव्य में रहस्यवाद , रसमीमांसा<br>घ नामवर सिंह     4 नया साहित्य नये प्रश्न , प्रकीर्णिका<br>5 प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ, आस्था और सौंदर्य<br>कूट : |
| **A** | **क-3, ख -4, ग-5, घ-1** |
| B | **क-2, ख -3, ग-4, घ-5** |
| C | **क-5, ख -2, ग-3, घ-4** |
| D | **क-4, ख -5, ग-2, घ-3** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 43 | भारतीय काव्य शास्त्र के प्रमुख संप्रदाय एवं उसकी सूत्रात्मक व्याख्या सुमेलित कीजिए ।<br>सूचि – । सूचि – ।।<br>संप्रदाय सूत्रात्मक व्याख्या<br>क रस संप्रदाय 1 ध्वन्यते येन इति ध्वनिः<br>ख अलंकार संप्रदाय 2 विशिष्ट पद रचना<br>ग रीति संप्रदाय 3 विशेषोगुणात्मा<br>घ ध्वनि संप्रदाय 4 विभावनुभावव्यभिचारी संयोगाद्रसनिष्पत्तिः।<br>5 काव्यशोभाकारन् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते<br>कूटः |
| A | **क-2,ख -3,ग-4,घ-5** |
| **B** | **क-4,ख -5,ग-2,घ-1** |
| C | **क-1,ख -2, ग-3, घ-4** |
| D | **क-5,ख -4, ग-1,घ-2** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 44 | पाश्चात्य काव्यशास्त्र के समीक्षकों द्वारा प्रणीत सिद्धांतों को सुमेलित कीजिए ।<br>सूची – । सूची– ।।<br>समीक्षक सिद्धांत<br>क अरस्तू 1 अभिव्यंजना सिद्धांत<br>ख लोंजाइनस 2 निर्वैयक्तिक्ता सिद्धांत<br>ग क्रौंचे 3 उदात्त सिद्धांत<br>घ आई. ए. रिचर्डस् 4 मूल्यसंप्रेषण सिद्धांत<br>5 विरेचन सिद्धांत<br>कूटः |
| A | **क-4,ख-1,ग-5,घ-3** |
| B | **क-3,ख-4,ग-2, घ-1** |
| **C** | **क-5,ख-3,ग-1,घ-4** |
| D | **क-1,ख-2,ग-3,घ-5** |

| | |
|---|---|
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 45 | सूची– ।      सूची– ।।<br>कवि      काव्य पंक्तियाँ<br>क जयशंकर प्रसाद    1 मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायौ ।<br>मोसों कहत मोल कौ लीन्हो तोहे जसुमति कब जायौ ।<br>ख सूरदास    2 नर सहस्र महँ सुनहु पुरारी ।<br>कोह एक होई धर्म व्रतधारी ।।<br>ग निराला    3 अबे , सुन बे , गुलाब , भूल मत जो पाई खुशबू रंगोआब ।<br>खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट , डाल पर इतरा रहा है कैपिटलिस्ट।।<br>घ तुलसीदास    4 समरस थे जड़ या चेतन , सुंदर साकार बना था ।<br>चेतनता एक विलसती आनंद अखंड घना था । |
| A | **क-2, ख -3, ग-4, घ-1** |
| B | **क-3, ख -4, ग-2, घ-1** |
| C | **क-1, ख -2, ग-3, घ-4** |
| **D** | **क-4, ख -1, ग-3, घ-2** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 46 | नोट: प्रश्न में एक कथन (स्थापना) एवं एक तर्क दिया गया है । कोड में दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें ।<br><br>स्थापना (ए) - कबीर काव्य में ज्ञान एवं कर्म का सुनहला समन्वय बड़ा ही स्पृहणीय प्रतीत होता है ।<br>तर्क (आर) - कबीर अपना पैतृक व्यवसाय शरीर -रक्षा एवं साधु-सेवा के लिए चलाते थे । |
| **A** | **(ए) सही और (आर) सही** |
| B | **(ए)गलत और (आर)गलत** |
| C | **(ए) गलत और (आर) सही** |
| D | **(ए) सही और (आर) गलत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 47 | नोट: प्रश्न में एक कथन (स्थापना ) एवं एक तर्क दिया गया है । कोड में दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें ।<br><br>स्थापना (ए) - मनोविकार मानसिक मल होते हैं जिससे मनुष्य मानसिक रुग्णता का शिकार होता है ।<br>तर्क (आर) - शारीरिक मल के निष्कासन से शरीर को स्वास्थ्य लाभ मिलता है । |
| A | **(ए) सही और (आर)गलत** |
| B | **(ए) गलत और (आर)गलत** |
| **C** | **(ए) सही और (आर)सही** |
| D | **(ए) गलत और (आर) सही** |
| | |

| Q.No: 48 | नोट: प्रश्न में एक कथन (स्थापना )एवं एक तर्क दिया गया है । कोड में दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें ।<br><br>स्थापना (ए) - काव्य की रचना प्रक्रिया में कवि के परिवेश और समकालीन दबावों की महती भूमिका होती है ।<br>तर्क (आर) - कवि अपने परिवेश से सर्वथा विरत रह कर काव्य रचना करता है । |
|---|---|
| **A** | **(ए) सही और (आर) गलत** |
| B | **(ए) गलत और(आर)गलत** |
| C | **(ए) सही और (आर) सही** |
| D | **(ए) गलत और (आर) सही** |
| | |

| Q.No: 49 | 'गबन' उपन्यास की मुख्य समस्या क्या है ? |
|---|---|
| A | **अंतर्जातीय विवाह** |
| B | **अनमेल विवाह** |
| **C** | **मध्यवर्गीय दिखावे की प्रवृति** |
| D | **विधवा विवाह** |
| | |

| Q.No: 50 | विदेशी आक्रमणकारियों के विरूद्ध भारतीय शौर्य और सांस्कृतिक श्रेष्ठता को किस नाटक में दर्शाया गया है ? |
|---|---|
| A | **स्कंदगुप्त** |
| **B** | **चंद्रगुप्त** |
| C | **ध्रुवस्वामिनी** |
| D | **अजातशत्रु** |
| | |

| Q.No: 51 | कबीर की रहस्यात्मक उपासना किस काव्य प्रकार में निरूपित है ? |
|---|---|
| A | **पद** |
| B | **साखी** |
| **C** | **उलटबाँसियाँ** |
| D | **सबद** |
| | |

| Q.No: 52 | 'गोरख जगायो जोग , भगतिभगायो लोग' उक्ति किस कवि की है ? |
|---|---|
| A | **गोरखनाथ** |
| B | **सूरदास** |

| | |
|---|---|
| **C** | **तुलसीदास** |
| D | **मत्स्येंद्रनाथ** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 53 | 'मोहि का हँसेसि कि को हर हिं ?' किसका प्रसिद्ध कथन है ? |
| **A** | **जायसी** |
| B | **मंझन** |
| C | **कासिम शाह** |
| D | **ईश्वरदास** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 54 | बाल-लीला के पदों के आधार पर हिन्दी आलोचना में कौन -से रस की उद्भावना पायी जाती है ? |
| A | **शांत** |
| **B** | **वात्सल्य रस** |
| C | **हास्य रस** |
| D | **अद्भुत रस** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 55 | 'लाज न लागत आपको दौरे आयहु साथ ।<br>धिक-धिक ऐसे प्रेम को कहा कहौं मैं नाथ ॥'<br>दोहा किसके जीवन से संबंधित है ? |
| A | **सुंदरदास** |
| B | **नंददास** |
| C | **नाभादास** |
| **D** | **तुलसीदास** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 56 | 'श्री शारदा ' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी ? |
| **A** | **जबलपुर** |
| B | **रायपुर** |
| C | **नागपुर** |
| D | **उज्जैन** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 57 | छायावादी कवियों की कविता-भाषा में किन शब्दों की प्रधानता है ? |
| A | **देशज** |
| **B** | **तत्सम्** |
| C | **तद्भव** |
| D | **आगत** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 58 | छायावादी प्रबंध काव्य'कामायनी ' में किस दर्शन का निरूपण है ? |
| A | **शांकरदर्शन** |
| B | **शैव दर्शन** |
| **C** | **आनंदवाद दर्शन** |
| D | **कश्मरी शैव दर्शन** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 59 | रामविलास शर्मा किस रचना को निराला की पहली प्रकाशित कविता मानते है ? |
| A | **जूही की कली** |
| **B** | **भारतमाता की वंदना** |
| C | **अनामिका** |
| D | **परिमल** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 60 | सुमित्रानंदन पंत की किस कृति को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ? |
| A | **चिदम्बरा** |
| B | **लोकायतन** |
| C | **युगवाणी** |
| **D** | **कला और बूढ़ा चाँद** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 61 | निम्नलिखित काव्य पंक्तियाँ महादेवी वर्मा के किस काव्य से ली गई है ?<br><br>तरल मोती से नयन भरे ।<br>मानस से ले उठे स्नेह -घन<br>कसक-विधु पुलकों के हिमकन<br>सुधि-स्वाति की छाँह पलक की सीपी में उतरे ।। |
| A | **रश्मि** |

| | |
|---|---|
| B | **नीहार** |
| C | **नीरजा** |
| **D** | **दीपशिखा** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 62 | मुंशी प्रेमचन्द के उपन्यासों को प्रकाशन वर्ष के अनुसार लिखिए । |
| A | **कर्मभूमि ,गोदान,गबन,सेवासदन,प्रेमाश्रम,निर्मला रंगभूमि** |
| **B** | **सेवासदन ,प्रेमाश्रम,रंगभूमि,निर्मला,गबन ,कर्मभूमि ,गोदान ,** |
| C | **गोदान ,कर्मभूमि,गबन ,निर्मला,रंगभूमि ,प्रेमाश्रम,सेवासदन** |
| D | **निर्मला,रंगभूमि,प्रेमाश्रम,सेवासदन,गबन,गोदान,कर्मभूमि** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 63 | देवीदीन खटिक प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है ? |
| **A** | **गबन** |
| B | **वरदान** |
| C | **कायाकल्प** |
| D | **गोदान** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 64 | निम्नलिखित पात्रों मे से कौन-सा पात्र 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास का पात्र नहीं है ? |
| A | **भट्टिनी** |
| B | **निपुणिका** |
| C | **सुचरिता** |
| **D** | **मधुलिका** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 65 | ''न जाने क्यों मुझे लग रहा था कि नीचे से उपर तक सारी प्रकृति में एक अवश अवसाद की जड़िमा छायी हुई है ।'' -<br><br>प्रस्तुत कथन 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के किस पात्र का है ? |
| A | **निपुणिका** |
| **B** | **बाणभट्ट** |
| C | **भट्टिनी** |
| D | **सुचरिता** |
| | |

| Q.No: 66 | 'शेखर एक जीवनी के नायक शेखर के बारे में क्या सही नहीं है ?' |
|---|---|
| A | **शेखर का विद्रोह सामाजिक प्रतिबंध और मर्यादा को अस्वीकार करता है ।** |
| B | **शेखर का विद्रोह रोमैंटिक विद्रोह तक सीमित न होकर निहलिस्ट विद्रोह है ।** |
| C | **मूल्यों को तोड़-फोड़कर बिखरा देना शेखर का स्वभाव है ।** |
| **D** | **उसका विद्रोह वृहद् सामाजिक सरोकारों से संपृक्त है ।** |
| | |

| Q.No: 67 | निम्नांकित कहानियों को कहानीकारों से सुमेलित कीजिए ।<br>सूची – । (कहानियाँ) / सूची– ।। (कहानीकार)<br>क प्लेग की चुड़ैल — 1 केशव प्रसाद सिंह<br>ख चंद्रलोक की यात्रा — 2 रामचंद्र शुक्ल<br>ग कुंभ में छोटी बहू — 3 गिरिजादत्त वाजपेयी<br>घ ग्यारह वर्ष का समय — 4 भगवान दास<br>5 राजेंद्रबाला घोष |
|---|---|
| **A** | **क-4, ख-1, ग-5 ,घ-2** |
| B | **क-5, ख-4, ग-1 ,घ-3** |
| C | **क-4, ख-5, ग-3 ,घ-2** |
| D | **क-2, ख-3, ग-5 ,घ-1** |
| | |

| Q.No: 68 | हिन्दी 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र ' किसकी रचना है ? |
|---|---|
| **A** | **ओम प्रकाश वाल्मिकी** |
| B | **मोहन नैमिषराय** |
| C | **धर्मवीर** |
| D | **जयप्रकाश कर्दम** |
| | |

| Q.No: 69 | मम्मट ने काव्य के कौन - से लक्षण बताये है ? |
|---|---|
| A | **वाक्यं रसात्मक काव्यम्** |
| B | **शब्दार्थौ सहतौ काव्यम्** |
| **C** | **तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृति पुन: क्वापि** |
| D | **रमणीयार्थ- प्रतिपादक :शब्द :काव्यम्** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 70 | 'पेरिहुप्सुस' किस पाश्चात्य काव्य चिंतक की कृति है ? |
| **A** | **लोंगिनुंस** |
| B | **होरेस** |
| C | **प्लेटो** |
| D | **सुकरात** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 71 | कवि की अनुभूति का पूर्ण संप्रेषण नहीं हो पाता क्योंकि अनुभूति और अभिव्यंजना में अनिवार्यत: अंतर होता है । कवि की सूक्ष्मतर , जटिलतर अनुभूतियों का यथावत् संप्रेषण लगभग असंभव होता है । संप्रेषण सदैव आंशिक और अपूर्ण ही रह जाता है । कवि की अनुभूति का जितना संप्रेषण होता है उसे भी ज्यों का त्यों पाठक के लिए ग्रहण करना असंभव है। कवि और पाठक की अनुभूतियों में एकता स्थापित करने का कोई साधन नहीं है । यह भेद कवि और पाठक में तो होता ही है प्रत्येक पाठक में भी अलग- अलग होता है । प्रत्येक पाठक की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती । किन्ही दो पाठकों की अनुभूतियाँ और तद्‌जनित प्रतिक्रियाएँ एक नहीं होती है । यही कारण है कि कविता को अनंत अर्थ संभवा कहा गया है । पाश्चत्य चिंतक आइ.ए. रिचर्डस इस कठिनाई को दूर करने के लिए सुझाव देते हैं कि कवि की अनुभूति से थोड़ा इधर -उधर हटकर भी उससे मिलती-जुलती अनुभूतियों के वर्ग को कविता कहा जाय । ऐसी अनुभूति के लिए जरूरी है कि कविता के शब्दों का पाठ लय और धुन के घनिष्ट संवाद के साथ हो ।<br><br>अनुभूति ओर अभिव्यंजना का संबंध कैसा होता है ? |
| A | **ज्यों का त्यों** |
| B | **बहुत विपरीत** |
| **C** | **अनिवार्यत: अंतर** |
| D | **स्पष्ट** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 72 | कवि की अनुभूति का पूर्ण संप्रेषण नहीं हो पाता क्योंकि अनुभूति और अभिव्यंजना में अनिवार्यत: अंतर होता है । कवि की सूक्ष्मतर , जटिलतर अनुभूतियों का यथावत् संप्रेषण लगभग असंभव होता है । संप्रेषण सदैव आंशिक और अपूर्ण ही रह जाता है । कवि की अनुभूति का जितना संप्रेषण होता है उसे भी ज्यों का त्यों पाठक के लिए ग्रहण करना असंभव है। कवि और पाठक की अनुभूतियों में एकता स्थापित करने का कोई साधन नहीं है । यह भेद कवि और पाठक में तो होता ही है प्रत्येक पाठक में भी अलग- अलग होता है । प्रत्येक पाठक की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती । किन्ही दो पाठकों की अनुभूतियाँ और तद्‌जनित प्रतिक्रियाएँ एक नहीं होती है । यही कारण है कि कविता को अनंत अर्थ संभवा कहा गया है । पाश्चत्य चिंतक आइ.ए. रिचर्डस इस कठिनाई को दूर करने के लिए सुझाव देते हैं कि कवि की अनुभूति से थोड़ा इधर -उधर हटकर भी उससे मिलती-जुलती अनुभूतियों के वर्ग को कविता कहा जाय । ऐसी अनुभूति के लिए जरूरी है कि कविता के शब्दों का पाठ लय और धुन के घनिष्ट संवाद के साथ हो ।<br><br>कवि की अनुभूति को सटीक ग्रहण करने में पाठक को कठिनाई होती है- |
| A | **अनुभूतियों की समानता के कारण** |
| **B** | **अनुभूतियों में अंतर के कारण** |
| C | **कवि की अभिव्यक्ति की अस्पष्टता के कारण** |
| D | **कवि की अक्षमता के कारण** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 73 | कवि की अनुभूति का पूर्ण संप्रेषण नहीं हो पाता क्योंकि अनुभूति और अभिव्यंजना में अनिवार्यत: अंतर होता है । कवि की सूक्ष्मतर , जटिलतर अनुभूतियों का यथावत् संप्रेषण लगभग असंभव होता है । संप्रेषण सदैव आंशिक और अपूर्ण ही रह जाता है । कवि की अनुभूति का जितना संप्रेषण होता है उसे भी ज्यों का त्यों पाठक के लिए ग्रहण करना असंभव है। कवि और पाठक की अनुभूतियों में एकता स्थपित करने का कोई साधन नहीं है । यह भेद कवि और पाठक में तो होता ही है प्रत्येक पाठक में भी अलग- अलग होता है । प्रत्येक पाठक की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती । किन्ही दो पाठकों की अनुभूतियाँ और तद्जनित प्रतिक्रियाएँ एक नहीं होती है । यही कारण है कि कविता को अनंत अर्थ संभवा कहा गया है । पाश्चत्य चिंतक आइ.ए. रिचर्डस इस कठिनाई को दूर करने के लिए सुझाव देते हैं कि कवि की अनुभूति से थोड़ा इधर -उधर हटकर भी उससे मिलती-जुलती अनुभूतियों के वर्ग को कविता कहा जाय । ऐसी अनुभूति के लिए जरूरी है कि कविता के शब्दों का पाठ लय और धुन के घनिष्ट संवाद के साथ हो ।<br><br>संप्रेषण की लगभग पूर्णता के लिए क्या आवश्यक है ? |
| **A** | **कवि और पाठक की अनुभूतियों में समानता** |
| B | **पाठक का अध्ययनशील होना** |
| C | **कवि का सरल लेखन** |
| D | **पाठक को भाषा ज्ञान होना** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 74 | कवि की अनुभूति का पूर्ण संप्रेषण नहीं हो पाता क्योंकि अनुभूति और अभिव्यंजना में अनिवार्यत: अंतर होता है । कवि की सूक्ष्मतर , जटिलतर अनुभूतियों का यथावत् संप्रेषण लगभग असंभव होता है । संप्रेषण सदैव आंशिक और अपूर्ण ही रह जाता है । कवि की अनुभूति का जितना संप्रेषण होता है उसे भी ज्यों का त्यों पाठक के लिए ग्रहण करना असंभव है। कवि और पाठक की अनुभूतियों में एकता स्थपित करने का कोई साधन नहीं है । यह भेद कवि और पाठक में तो होता ही है प्रत्येक पाठक में भी अलग- अलग होता है । प्रत्येक पाठक की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती । किन्ही दो पाठकों की अनुभूतियाँ और तद्जनित प्रतिक्रियाएँ एक नहीं होती है । यही कारण है कि कविता को अनंत अर्थ संभवा कहा गया है । पाश्चत्य चिंतक आइ.ए. रिचर्डस इस कठिनाई को दूर करने के लिए सुझाव देते हैं कि कवि की अनुभूति से थोड़ा इधर -उधर हटकर भी उससे मिलती-जुलती अनुभूतियों के वर्ग को कविता कहा जाय । ऐसी अनुभूति के लिए जरूरी है कि कविता के शब्दों का पाठ लय और धुन के घनिष्ट संवाद के साथ हो ।<br><br>आइ. ए. रिचडर्स को किस सिद्धांत का प्रस्तावक माना जाता है ? |
| **A** | **संप्रेषण सिद्धांत** |
| B | **मूर्त विधान** |
| C | **अभित्यंजनावाद** |
| D | **अनुकरण** |
| | |

| | |
|---|---|
| Q.No: 75 | कवि की अनुभूति का पूर्ण संप्रेषण नहीं हो पाता क्योंकि अनुभूति और अभिव्यंजना में अनिवार्यत: अंतर होता है । कवि की सूक्ष्मतर , जटिलतर अनुभूतियों का यथावत् संप्रेषण लगभग असंभव होता है । संप्रेषण सदैव आंशिक और अपूर्ण ही रह जाता है । कवि की अनुभूति का जितना संप्रेषण होता है उसे भी ज्यों का त्यों पाठक के लिए ग्रहण करना असंभव है। कवि और पाठक की अनुभूतियों में एकता स्थपित करने का कोई साधन नहीं है । यह भेद कवि और पाठक में तो होता ही है प्रत्येक पाठक में भी अलग- अलग होता है । प्रत्येक पाठक की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती । किन्ही दो पाठकों की अनुभूतियाँ और तद्जनित प्रतिक्रियाएँ एक नहीं होती है । यही कारण है कि कविता को अनंत अर्थ संभवा कहा गया है । पाश्चत्य चिंतक आइ.ए. रिचर्डस इस कठिनाई को दूर करने के लिए सुझाव देते हैं कि कवि की अनुभूति से थोड़ा इधर -उधर हटकर भी उससे मिलती-जुलती अनुभूतियों के वर्ग को कविता कहा जाय । ऐसी अनुभूति के लिए जरूरी है कि कविता के शब्दों का पाठ लय और धुन के |

| | |
|---|---|
| | घनिष्ट संवाद के साथ हो ।<br><br>कवि की अनुभूति के उचित संप्रेषण के लिए पाठक को क्या करने का प्रस्ताव किया गया है ? |
| A | कविता का बार बार पाठ |
| B | **शब्दों के कोषीय अर्थ का ज्ञान** |
| C | **कवि के जीवन से परिचय** |
| **D** | **शब्दों की लय और धुन से घनिष्ट संवाद** |
| | |